
Mukesh Madhwani
9829243207
Founder: Business Circle India

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

■ न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे ■
Reg. No. MH180326353

BCI BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 140 ● मुंबई, शुक्रवार 17 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादक: पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● नि:शुल्क ●


## खबर संक्षेप

### खंड स्तरीय मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन



● पदमावत मीडिया

**वल्लभनगर।** वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र के सेटेलाइट हॉस्पिटल वल्लभनगर में मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत खंड स्तरीय आरोग्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर की उद्घाटन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ कुलदीप लोहार ने किया । शिविर प्रभारी डॉ अविनाश माधव ने बताया कि एनसीडी की तहत सभी की बीपी,शुगर, हीमोग्लोबिन, टीबी की जांच की गई। इसी तहत लाभार्थियों की आभा आईडी भी बनाई गई। देर शाम 5 बजे तक क्षेत्र के 1672 लाभार्थी लाभान्वित हुए । शिविर के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी कुलदीप लोहार ने आरोग्य शिविर का निरीक्षण किया जिसमें आभा आईडी कार्ड बढ़ाने , जच्चा बच्चा सुरक्षा संबंधित जानकारी, सहित साथ ही अस्पताल की ओपीडी आईपीडी गतिविधियों के बारे में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्दी के मौसम में जच्चा बच्चा प्रसूताओं के लिए बेहतर ठंड से बचने के बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दोरान ब्लाक ऐकउंटेंट गणेश तिवारी, नर्सिंग प्रभारी विमला आमेटा , नर्सिंग अधिकारी महेश लोहार, अल्पना मालवीय, संजय मेघवाल , विश्वकांता भारद्वाज, आरजू मेघवाल , प्रवीण लोहार, राहुल चौहान, सहित स्टाफ गण उपस्थित थे।

### सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) भर्ती -2023

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा- 2023 के अन्तर्गत 31 जनवरी 2025 को आयोजित किए जाने वाले गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट के साक्षात्कार को प्रशासनिक कारणों से स्थगित किया गया है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त साक्षात्कारों की नवीन तिथि के संबंध में यथा समय सूचित कर दिया जाएगा।

### ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान कार्यकारिणी बैठक संपन्न



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** ठाकुर अमरचंद बड़वा स्मृति संस्थान की बैठक प्रोफेसर विमल शर्मा की अध्यक्षता में उनके निजी आवास पर आयोजित हुई संगठन सचिव जयकिशन चौबे ने बताया कि ठाकुर अमरचंद बड़वा पर प्रथम प्रमाणिक पुस्तक प्रकाशित होकर 1000 प्रतियाँ आ गयीं है अतः आज लोकार्पण के साथ आयोज्य व्याख्यानमाला पर गहन चर्चा हुई महासचिव डॉ राजेंद्र नाथ पुरोहित ने बताया कि व्याख्यानमाला में प्रोफेसर बीपी शर्मा 18वीं सदीं में मराठा व मेवाड़ संबंध तथा डॉक्टर जे के ओझा बड़वा कालीन मेवाड़÷ पर विस्तृत जानकारी देंगे प्रोफेसर विमल शर्मा ने नये शोधर्थीयों को मेवाड़ मराठा शिप्रा युद्ध एवं बड़वा जी के प्रधानमंत्री पद से मुक्ति पश्चात् जीवनकाल पर नवीन जानकारी एकत्र कर प्रस्तुत करने का आह्वान किया व्याख्यानमाला व पुस्तक लोकार्पण का दायित्व डॉ मनीष श्रीमाली एवं डॉक्टर कुल शेखर व्यास को सौपा गया आभार गणेश लाल नागदा ने व्यक्त किया। बैठक मे इन्द्र सिंह राणावत, डॉ रमाकांत शर्मा , राजेंद्र प्रसाद सनाड्य, हाजी सरदार महौम्मद, मनोहर लाल मुंदड़ा, सुरेश ताम्बेली, ओम प्रकाश माली, जगदीश पुरोहित, गिलराय, चंद्र प्रकाश चित्तोड़ा आदि ने भाग लिया।

### जिला विधिक चेतना समितियों का गठन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार विभिन्न जिलों में जिला विधिक चेतना समितियों का गठन किया गया है। ये सभी समितियां राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण विनियम, 1999 के विनियम 50, 51 एवं 52 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगी।

## उदयपुर जिले में थाना सवीना पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# प्रोपर्टी व्यवसायी का अपहरण कर एक करोड रूपये फिरौती मांगने वाला कुख्यात हिस्ट्रीशीटर हार्डकोर बदमाश इमरान कुंजडा को अहमदाबाद से किया डिटेन

### पुलिस ने पकड़ा तो बोला, किडनी पेशेंट हूं, बेवजह मुझे गैंगस्टर के रूप में दिखाया जा रहा है

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले की थाना सवीना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर प्रोप्टी व्यवसायी को अगवा कर एक करोड़ रूपये फिरौती मांगने के मामले में कुख्यात हिस्ट्रीशीटर हार्डकोर बदमाश इमरान कुंजडा पुत्र मोहम्मद यूसुफ निवासी कंजर वादी धान मंडी हाल मल्ला तलाई अंबा माता को अहमदाबाद से डिटेन कर लिया।

उदयपुर लौटते समय भागने की कोशिश में इमरान घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 25 दिसंबर 2024 को सेक्टर 12 निवासी प्रॉपर्टी कारोबारी मोहम्मद एजाज द्वारा रिपोर्ट दी गई की आज जमीन खरीदने के बहाने इमरान कुंजड़े ने व्हाट्सएप कॉल कर बुलाया। इस पर वह अपने दो पार्टनर को लेकर बताए गए स्थान पर पहुंचा तो वहां इमरान और उसके चार



साथियों ने तीनों को अगवा कर लिया और हथियार व चाकू दिखाकर जान से करने और अश्लील वीडियो बनाने की धमकी देकर एक करोड़ रुपए की मांग की। पैसों की व्यवस्था करने की धमकी देकर सुखाडिया सर्कल के पास छोड़कर चले गए। रिपोर्ट पर थाना सवीना पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गम्भीरता को मध्यनजर रखते हुये एसपी गोयल द्वारा आरोपियों की तलाश व गिरफ्तारी के निर्देश देते हुए एएसपी उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ राव अजय सिंह के नेतृत्व में 11 सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से अभियुक्त की तलाश में लगातार आरोपी के छिपने के सभी ठिकानो पर दबिश दी। भरसक प्रयास के बाद अभियुक्त को जुहापुरा, अहमदाबाद गुजरात से डिटेन किया।

#### बोला किडनी पेशेंट हूँ ....बेवजह मीडिया में उछालकर गैगस्टर बना दिया

टीम ने अपना भेष बदलकर लगातार दो दिन तक अपनी पहचान छुपाते हुये रैकी कर हार्डकोर बदमाश को दबोच पूछताछ की तो अभियुक्त बोला मैं कोई डॉन नही हूँ ...मुझे माफ कर दो.. मुझे बेवजह मीडिया मे उछालकर गैगस्टर का रूप दिया गया है जबकि मेरे शरीर को देखते हुये मै आपको डॉन दिखता हूँ ...मैं किडनी पेशेंट हूँ , मेरा ईलाज चल रहा है। यह कहते हुये रोने लगा। पुलिस टीम समझाईश कर बदमाश को लेकर उदयपुर आ रही थी। रास्ते में इमरान घबराहट होने एवं उल्टी आने का बहाना कर वाहन से नीचे उतरा। अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस टीम को अचानक धक्का देकर वहां से भागने लगा। भागने के दौरान गिरने से उसके चोटे आई है। जिसे उदयपुर के एमबीजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। पकड़े गया इमरान कुंजडा कुख्यात हिस्ट्रीशीटर व हार्डकोर बदमाश है। जिसके विरूद्ध पूर्व में हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, अपहरण, बलवा, मारपीट, अवैध मादक पदार्थ तस्करी, फिरोती, अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट के कुल 29 प्रकरण पंजीबद्ध होकर न्यायालय में विचाराधीन चल रहे है। इस कार्रवाई में थाना सवीना से एसएचओ अजय सिंह राव, एसआई रामावतार, एएसआई लाल सिंह, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, कांस्टेबल छगन लाल, मांगी लाल, नागेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, सतपाल सिंह एवं साइबर सेल से हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह व लोकेश रायकवाल शामिल थे।

## यशवर्धन राणावत बुद्धिजीवी सेल में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली संस्था एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के संस्थापक सह-राष्ट्रीय अध्यक्ष राजलाल सिंह पटेल ने उदयपुर शहर के निवासी युवा व्यवसायी, पर्यटन व विरासत विशेषज्ञ लेखक एवं विचारक यशवर्धन राणावत को बुद्धिजीवी सेल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति देशभर में लगातार बढ़ रहे अपराध और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर मीडिया सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन जैन पदमावत ने कहा कि यशवर्धन राणावत अपनी नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी सोच से उदयपुर सहित भारत देश में एक मज़बूत टीम का गठन करेंगे और संस्था के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाएंगे। संस्था के माध्यम से भ्रष्टाचार सहित अन्य शिकायतों का त्वरित समाधान संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर करवाया जाएगा। इस नियुक्ति के बाद, यशवर्धन राणावत ने कहा कि वे समाज में भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने के लिए अपनी पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। ग़ौरतलब है की राणावत धरातल पर पर्यटन व विरासत संरक्षण के लिए काफ़ी समय से ज़बरदस्त काम कर रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। राणावत पदाधिकारी के रूप में होटल एसोसिएशन उदयपुर, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान और बिज़नेस सर्किल इंडिया टूरिज़्म से भी जुड़े हुए हैं । यह नियुक्ति प्रदेश और देश में भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ एक मजबूत संदेश है। संस्था को उम्मीद है कि यशवर्धन राणावत के मार्गदर्शन में बुद्धिजीवी सेल और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगा। साथ ही इसका सकारात्मक प्रभाव पर्यटन व विरासत क्षेत्र में भी देखने को मिलेगा ।

## एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या सम्पन्न

# कार्यक्रम में यजमानो व भामाशाहो का हुआ सत्कार नीता नायक एंड पार्टी ने दी भजनो की प्रस्तुति



● पदमावत मीडिया

**ठाणे ।** भिवंडी मे श्रीं रामकृष्ण गौशाला व गायत्री परिवार के तत्वावधान मे मकर संक्रांति के पावन अवसर पर एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या आयोजित की गई। यह कार्यक्रम अंजूर फाटा के ग्राउंड मे रखा गया था. भजन संध्या मे सर्वप्रथम दिप प्रज्वलित व गायत्री मंत्र पढ़कर शुभारम्भ हुआ. भजन संध्या मे राजस्थान की सुप्रशिद्ध गायिका नीता नायक एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक धार्मिक व गौमाता की भजनो की प्रस्तुति देकर सभी भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया. गायिका नीता नायक ने देशभक्ति के गीतों की प्रस्तुति देकर राष्ट्रीय भावधारा से जोड़ने का कार्य किया. एक शाम गौमाता के इस विशाल भजन संध्या मे जनसेलाब उमड़ पड़ा था. कार्यक्रम मे गौभक्तो ने दिल खोलकर अनुदान राशि भेट की। गौशाला व गायों के सहयोग करने वाले सभी भामाशाह परिवार का मंडल की ओर से राजस्थानी साफा व दुप्पटा पहनाकर सत्कार किया गया।

#### मुख्य यजमानो का हुआ सत्कार

कार्यक्रम मे इनकी रहीगरिमामय उपस्थति कार्यक्रम मे गायत्री परिवार के उपेंद्र जोशी, भरत भाटी, देवेंद्र मोहब्बत नगर, रमेशसिंह चांदना, भरत सीरवी, अशोकसिंह ऊन, रमेश प्रजापत, गुलाबसिंह धानता, मोहनलाल पुरोहित कैलाशनगर, गणेश मंडवाड़ा, रिडमलसिंह सांचोर, उत्तम पुरोहित बरलूट, रुपसिंह ओडवाड़ा, सुरेश सवराटा, खुशाल भटाना, अमृतलाल वलदरा, डामरसिंह राजपुरोहित, लालसिंह तुरा,,, आदि गणमान्य मौजूद थे। मंडल के पदाधिकारियों ने सभाली आयोजन की व्यवस्था कार्यक्रम का संचालन चेतानसिंह राजपुरोहित, उपेंद्र जोशी व देवेंद्र पुरोहित ने किया।

## सरकारी सेवाओं में लगे प्रतिभावान एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** पूर्बिया कलाल समाज ओंगणा द्वारा समाज के प्रतिभावानो का सम्मान किया गया। पूर्व सचिव मुकेश पूर्बिया ने बताया कि पिछ्ले एक वर्ष में समाज के नवीन पूर्बिया एवं शिवांगी पूर्बिया के सरकारी नौकरी लगने तथा 45 प्रतिभावान छात्रों को महिला अध्यक्ष रोशन देवी पूर्बिया ने उपरणा ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कमल कुमार पूर्बिया ने की। कार्यक्रम में प्रमिला, राधा ,सुनीता ,कल्पना ,ललिता ,मंजू, पेपी बाई, ओम प्रकाश, नंदलाल, खेमराज ,हिम्मत ,विजय व अशोक पूर्बिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पूर्बिया ने किया। यह जानकारी पूर्व अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने दी।

## पट्टे की एवज में मांगे थे 50 हजार रुपए, सीकर एसीबी टीम ने रंगे हाथों पकड़ा

# खंडेला नगर पालिका चेयरमैन रिश्वत लेते गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**सीकर ।** सीकर एंटी करप्शन ब्यूरो टीम ने खंडेला नगर पालिका चेयरमैन को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चेयरमैन ने पूर्व में जारी हो चुके पट्टे की एवज में रिश्वत मांगी थी। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया- परिवादी ने एसीबी टीम को शिकायत दी थी। जिसमें बताया था कि 7 जनवरी को जारी हो चुके आवासीय पट्टे की एवज में चेयरमैन मोहम्मद याकूब मलकान 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत का सत्यापन करने के बाद गुरुवार को टीम ने मोहम्मद याकूब को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करके मामले में जांच की जाएगी।

# 8 महीने से फरार अफीम तस्कर गिरफ्तार

### 56 किलो डोडा चूरा जब्त करने की कार्रवाई के बाद फरार हुआ आरोपी, पीपल्या मंडी से पकड़ा गया

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने अफीम डोडा चूरा तस्करी के एक बड़े मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धोलापानी थाना अधिकारी रविंद्र पाटीदार के अनुसार, यह मामला 18 मई 2023 का है, जब पुलिस ने पांडुखनिया गांव के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार से 56 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद किया था। पुलिस ने



तीन कट्टों में भरा हुआ साढ़े 8 लाख रुपए कीमत का अफीम डोडा चूरा और तस्करी में प्रयुक्त कार को जब्त किया था। मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार चालक दिनेश पाटीदार, जो मध्य प्रदेश के पिपलिया मंडी का निवासी है, को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था। पूछताछ के दौरान इस तस्करी में पिपलिया मंडी निवासी दिनेश पाटीदार की संलिप्तता भी सामने आई थी। पुलिस पिछले 8 महीनों से आरोपी की तलाश कर रही थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दिनेश पाटीदार को पीपल्या मंडी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की और जानकारी जुटाने में जुटी है।

## 65 लाख का अफीम डोडा चूरा तस्करी मामला

# दस महीने से फरार आरोपी ब्यावर जेल से गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ पुलिस ने 65 लाख रुपए के अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में 10 महीने से फरार चल रहे आरोपी को प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल ने बताया- 7 मार्च 2024 को जलोदा जागीर थाना पुलिस ने गजपुरा गांव के पास नाकाबंदी के दौरान एक बोलेरो वाहन से 418 किलो अफीम डोडा चूरा बरामद किया था। 22 कट्टों में भरे इस माल की कीमत लगभग 65 लाख रुपए आंकी




गई थी। पुलिस ने मौके पर ही एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चित्तौड़गढ़ के निकुंभ निवासी देवीदास बैरागी को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरा आरोपी भूपेंद्र शर्मा फरार हो गया था। धरियावद थाना अधिकारी को सौंपी गई जांच में पता चला कि फरार आरोपी भूपेंद्र शर्मा ब्यावर जेल में बंद है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के माध्यम से उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे तस्करी के नेटवर्क के बारे में अधिक जानकारी मिलने की उम्मीद है।

## एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स राजस्थान को मिली एक और महत्वपूर्ण सफलता

# रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर इटली के ट्रेपानी शहर से गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ), राजस्थान ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। टीम ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय कर रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य अमरजीत विश्नोई की पत्नी सुधा कंवर पुत्री युधिष्ठिर (26) निवासी बीछ्वाल, बीकानेर को स्थानीय पुलिस के मार्फत बुधवार (15 जनवरी) को इटली के ट्रेपानी शहर में सिसली क्षेत्र से गिरफ्तार करवाया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल के निर्देशानुसार राज्य में संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के लिए राज्य स्तर पर 16 दिसम्बर, 2023 को एक विशेष कार्यदल एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया था। एडीजी श्री एम.एन. के निर्देशन व उप महानिरीक्षक योगेश यादव के नेतृत्व में एजीटीएफ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्व नरोत्तम लाल वर्मा, सिद्वान्त शर्मा, पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप, सुनिल जांगिड़ एवं आयुक्तालय जयपुर में पुलिस निरीक्षक मनीष शर्मा व टीम द्वारा संगठित अपराधों में सक्रिय गैंग्स एवं लॉरेन्स विश्नोई तथा रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्यों को चिन्हित कर सभी जिलों की पुलिस के साथ समन्वय करते हुए इन गैंग के सक्रिय अपराधियों, शरणदाताओं, सहानुभूति रखने वाले, सोशल मीडिया के फोलोवर्स के घरों पर लगातार सुनियोजित रेड आयोजित कर उनके आपराधिक डोजियर्स और फिंगर प्रिंट लेकर रिकॉर्ड व डाटा बेस तैयार कर प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई कर रही है। एमएन ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत विश्नोई तथा सुधा कंवर का गिरोह धनी व्यापारियों को धमकी भरे कॉल से जबरन वसूली करता है, जबरन वसूली के पैसे न मिलने पर गिरोह के सदस्य पीड़ित व्यक्ति व उसके परिवार पर गोलीबारी तक करते है। सुधा कंवर का पति अमरजीत विश्नोई रोहित गोदारा और गिरोह के अन्य सदस्यों के लिए डब्बा कॉल की व्यवस्था करता था। अमरजीत को एजीटीएफ की सूचना पर पिछले साल 8 जुलाई को इटली में स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। एडीजी एमएन ने बताया कि गैंगस्टर अमरजीत की पत्नी सुधा कंवर मूल रूप से मेडता सिटी, नागौर की रहने वाली है। पहले पति से तलाक होने के बाद इसने



अमरजीत विश्नोई के साथ शादी की और उसके आपराधिक कार्यों में सहयोग देने लगी। सीकर में 03 दिसम्बर, 2022 को हुए राजेन्द्र उर्फ राजू ठेहट हत्याकाण्ड के शूटरों में से मनीष उर्फ बच्चिया को सुधा कंवर ने मनी ट्रान्सफर कर एवं हथियार उपलब्ध करवा इस जघन्य हत्याकाण्ड में सहयोग किया था। इस मामले में पुलिस ने 5 फरवरी 2023 को सुधा कंवर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया था। न्यायालय से जमानत मिलने पर सुधा कंवर को फरार करवा अमरजीत ने विदेश में बुलवा लिया था। एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई, सोशल मीडिया पर फोलोवर्स, सहयोगियों से पूछताछ एवं ग्राउन्ड लेवल की आसूचना के आधार एजीटीएफ को सुधा कंवर के 10 अक्टूबर,2023 को ट्यूरिष्ट वीजा पर शारजहां के रास्ते इटली जाने की जानकारी हासिल हुई। इस पर इसकी पासपोर्ट डीआईजी योगेश यादव के नेतृत्व में एएसपी नरोत्तम लाल वर्मा, उप निरीक्षक कमल पुरी, हेड कांस्टेबल रमेश कुमार, संतोष टेलर व कांस्टेबल सुभाष चन्द द्वारा तैयार की गई। अन्तर्राष्टीय स्तर पर इंटरपोल एजेंसी के साथ समन्वय कर इसका सम्पूर्ण आपराधिक रिकॉर्ड, डोजियर, न्यायालय वांरट के साथ तलाश व गिरफ्तारी के लिए पत्राचार करते हुए दुबई तथा इटली के लिये इंटरपोल रेफरेंस प्रेषित किया गया एवं इंटरपोल से सुधा कंवर का रेड नोटिस जारी करवाया गया। एमएन ने बताया कि सुधा कंवर के इटली के सिसिली में रहने की पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर सत्यापित करने के लिये केन्द्रीय एजेन्सी के माध्यम से इंटरपोल को रेफरेंस लैटर जारी कराने के बाद इटली में स्थानीय पुलिस द्वारा बुधवार 15 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया। पूर्व में अमरजीत विश्नोई की भारत लाने की लिये प्रत्यर्पण की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है तथा सुधा कंवर को भारत प्रत्यार्पित करने के लिये प्रक्रिया आरम्भ की गई है।

# कमिश्नर एवं आईजी ने केबिनेट बैठक को लेकर अधिकारियों के साथ की चर्चा

## कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



● पद्मावत मीडिया

**खरगोन।** लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर खरगोन जिले के धार्मिक एवं पर्यटन नगरी महेश्वर में केबिनेट बैठक का आयोजन होना है। इस बैठक के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। इसी सिलसिले में इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री दीपक सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने 16 जनवरी को महेश्वर में प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा की और केबिनेट के भ्रमण एवं बैठक स्थल तथा मण्डलेश्वर के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। बैठक में विधायक श्री राजकुमार मेव, डीआईजी श्री सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मराज मीणा, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रो एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि केबिनेट बैठक के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री मण्डल के सदस्य महेश्वर पहुंचेंगे। इस बैठक के लिए मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी खरगोन पहुंचेंगे। केबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री मण्डल के सदस्य महेश्वर किले में पहुंचकर राजगादी और देवी अहिल्या की प्रतिमा का दर्शन करेंगे। इसके पश्चात अहिल्या घाट पहुंचकर माँ नर्मदा की पूजा अर्चना की जाएगी और माँ नर्मदा को चुनरी अर्पण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री एवं मंत्री मण्डल के सदस्य केबिनेट बैठक के लिए अहिल्या घाट से जयस्तंभ चौक होते हुए एम.पी.टी. के होटल नर्मदा रिट्रिट पहुंचेंगे। केबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मण्डलेश्वर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मण्डलेश्वर में माधव आश्रम न्यास गौशाला भी जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जनवरी को मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में 774 करो? रुपये की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना से खरगोन जिले के महेश्वर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा और किसानों को लाभ होगा। इस योजना से धार एवं इंदौर जिले के किसानों को भी सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। यह योजना खरगोन जिले के लिए एक बडी उपलब्धि है। इस योजना से खरगोन जिले की महेश्वर तहसील, इंदौर जिले की मऊ तहसील एवं धार जिले की पीथमपुर तहसील के कुल 123 गांवों में सिंचाई के लिए नर्मदा नदी का पानी पहुंचेगा। बैठक में केबिनेट बैठक के लिए मंत्रीगणों के आगमन, सुरक्षा, वाहन पार्किंग, ठहरने की व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा की गई और तय किया गया कि सभी कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार संपन्न हो। बैठक में कमिश्नर श्री सिंह ने कहा कि अहिल्या घाट पर नियमित रूप से साफ-सफाई की जाए और उसे स्वच्छ बनाएं रखा जाए।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर से फर्नीचर आंत्रप्रेन्योर बने तरुण का स्टार्टअप लुभा रहा है सैलानियों को

● पद्मावत मीडिया

**ग्वालियर।** अच्छी-खासी तनख्वाह वाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छो?कर तरुण सिंह शेखावत ने फर्नीचर का स्टार्टअप शुरू किया है। शुरूआती दौर में ही अपने ÷इंडिकोर÷ स्टार्टअप के माध्यम से तरुण खुद तो अच्छी आमदनी प्राप्त कर ही रहे हैं, साथ ही लगभग 50 लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले के छत्री नं.-1 के समीप लगी इंडिकोर स्टार्टअप का शोरूम कलात्मक फर्नीचर प्रेमियों के लिये आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ग्वालियर निवासी श्री तरुण सिंह शेखावत बताते हैं कि हमारे यहाँ बने फर्नीचर राज घरानों के महलों व प्रतिष्ठित पब्लिक स्कूलों की शोभा बड़ा रहे हैं। साथ ही लकड़ी के कलात्मक फर्नीचर के शौकीनों की कोठियों में भी हमारा फर्नीचर पहुँच रहा है। लगभग दो साल पहले ग्वालियर में अपनी फर्नीचर इकाई शुरू की थी, जो अब खूब फल फूल रही है। तरुण कहते हैं कि ग्वालियर में इंडिकोर स्टार्टअप ऐसी पहली फर्नीचर फैक्ट्री है जो सभी मानकों का पालन कर विभिन्न प्रकार के फर्नीचर बनाती है। कम्प्यूटर साइंस में बी-टेक करने के बाद मुझे मल्टी नेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर का जॉब मिल गया था। पैकेज भी अच्छा था। पर बचपन से ही खुद का उद्यम खड़ा करने का सपना मेरे मन में था। तरुण का कहना है कि मेरा परिवार मूलत÷ राजस्थान राज्य का निवासी है। वहाँ पर बचपन में मैंने अपने जानने वालों को फर्नीचर का सफल व्यवसाय करते हुए देखा था। तभी से मैंने ठान ली थी कि मैं भी आगे चलकर अपने शहर ग्वालियर में ऐसा ही सफल फर्नीचर स्टाटअप शुरू करूँगा। पिछले दो साल पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़कर हमने ग्वालियर में इंडिकोर स्टार्टअप शुरू किया जो अब सफलता के सोपान तय कर रहा है। तरुण शेखावत कहते हैं कि मेरा लक्ष्य है कि ग्वालियर में फर्नीचर उद्योगों के माध्यम से स्थानीय निवासियों को राजस्थान की तर्ज पर बड़े पैमाने पर रोजगार मिले। शुरूआती चरण में हमारे प्रयास काफी सफल रहे हैं और उम्मीद है आगे चलकर हम अपने मिशन में पूर्णत÷ कामयाब होंगे। इंडिकोर नाम से संचालित तरुण शेखावत की फर्नीचर फैक्ट्री में शीशम से बनी कलात्मक डायनिंग टेबल, वुडन कंसोर्ट टेबल, सोफा सेट, सागौन की ड्रेसिंग टेबल व पलंग तथा आर्मचेयर, कॉफी टेबल, साइड टेबल, डैश, वार्डरोब, गार्डन बैंच व टेबल, बच्चों के लिये प्ले एरिया फर्नीचर, स्टोरेज यूनिट इत्यादि फर्नीचर उपलब्ध हैं।

# स्व-सहायता समूहों की दीदी बनेगी बीमा सखी

## जिले भर से आईं दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण



● पद्मावत मीडिया

**ग्वालियर।** स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं जिले की दीदियों को बीमा सखी बनाया जाएगा। इस सिलसिले में गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला, ब्लॉक स्तरीय स्टाफ के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायतो से आई स्व-सहायता समूह की सक्रिय महिलाओ को बीमा सखी योजना के सबंध मे विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों ने यह प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि बीमा सखी बनने की इच्छुक महिलाएँ नजदीकी एलआईसी शाखा में आवेदन कर सकती हैं। बीमा सखी को प्रथम वर्ष में 7 हजार रूपए प्रतिमाह, दूसरी साल 6 हजार रूपए प्रतिमाह एवं तृतीय वर्ष में 5 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय दिया जायेगा। साथ ही कमीशन भी उन्हें मिलेगा। बीमा सखी बनने के लिये महिला की शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास एवं उम्र 18 से 70 वर्ष के मध्य होना चाहिये। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक श्री विनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायत में एक-एक बीमा सखी का चयन कर स्थानीय महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

### लाखों लाख रूपए कमा रहीं हैं महिलाएँ

भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि ग्वालियर जिले की कई महिला अभिकर्ता अच्छी-खासी आमदनी प्राप्त कर रही हैं। कुछ महिलाओं ने बीमा एजेन्ट के तौर पर काम करते हुये एक वर्ष में 50 लाख से अधिक आय अर्जित की है। श्रीमती सीमा संजय नीखरा द्वारा 71 लाख 93 हजार, श्रीमती आस्था पवन पमनानी द्वारा 56 लाख 24 हजार एवं श्रीमती ललिता जैन द्वारा 50 लाख 64 हजार रूपए की आय बतौर कमीशन आय प्राप्त की है। इसी प्रकार लगभग 20 महिलायें बीमा एजेंट के रूप में कार्य कर 10 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रहीं हैं।

# नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को होगी आयोजित

**पदमावत मीडिया, बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार 8 मार्च, 2025 को जिले में नेशनल लोक अदालत आयोजित रहेंगी। इस हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव एवं जिला न्यायाधीश श्री इन्दु कान्त तिवारी के मार्गदर्शन में आवश्यक तैयारियां की जा रही है। 8 मार्च, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में नालसा, नई दिल्ली एवं सालसा, जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायालय में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जायेगा। जिसमें न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम.ए.सी.टी. (मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण) के मामले, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामले जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व के प्रकरण, दीवानी मामले तथा जलकर एवं विद्युत संबंधी पूर्ववाद (प्रीलिटिगेशन) आदि राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत में रखा जाएगा।

# इंदौर में फिर चमकी ठंड, पांच डिग्री लुढ़का पारा, ठंडी हवाएं चली

● पद्मावत मीडिया



**इंदौर।** शहर में कोहरा भी छाया रहा। इंदौर के बायपास पर इस कारण वाहनों की रफ्तार कम रही। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई थी। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक तापमान कम रहेगा और बर्फीली हवाएं चलेगी। इंदौर में दिसंबर से ज्यादा ठंड के तीखे तेवर जनवरी में नजर आ रहे है। इंदौर में दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। बुधवार को दिन का तापमान 22 डिग्री रहा, लेकिन एक दिन बाद ही पांच डिग्री तक पारा लुढ़क गया। दिनभर सूर्यदेवता बादलों में छुपे रहे है और ठंडी हवाएं दिनभर परेशान करती रही। रात में बर्फीली हवा से बचने के लिए लोग घरों में दुबके रहे या फिर अलाव का सहारा लिया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन तक तापमान इसी तरह बना रहेगा। गुरुवार सुबह शहर में बादल छाए हुए थे। सूर्य देवता नदारद थे। दिन में हल्की धूप खिली, लेकिन थोड़ी देर के लिए। एक बजे के बाद शहर बर्फीली हवा के आगोश में समाने लगा और ठंड के तेवर तीखे होते चले गए। शाम को सड़कों पर निकले लोग स्वेटर, कनटोपे और हाथ मौजों से लैस होकर ठंड का सामान करने के लिए निकले। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को दिन का तापमान 22 डिग्री रहा। जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। हवा की गति 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही। बुधवार रात का तापमान 16.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से सात डिग्री कम रहा, जबकि बुधवार दिन का तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा था। शहर में कोहरा भी छाया रहा। इंदौर के बायपास पर इस कारण वाहनों की रफ्तार कम रही। कोहरे के कारण दृश्यता कम हो गई थी। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक तापमान कम रहेगा और बर्फीली हवाएं चलेगी।

# सही इलाज और पोषण आहार से टीवी की बीमारी को खत्म किया जा सकता है- राज्यपाल पटेल



● पद्मावत मीडिया

**शिवपुरी।** राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ने शिवपुरी में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयोजित निशुल्क पोषण आहार वितरण कार्यक्रम में भाग लिया और मरीजों को पोषण आहार किट वितरण की और निक्षय मित्रों को भी शुभकामना देते हुए कहा कि मरीजों के इलाज में जो भी निक्षय मित्र सहयोग कर रहे हैं, वह अच्छा काम कर रहे हैं। हम सभी को इसी भाव से दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिए। राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल ने कहा कि पहले जब महिलाएं मिट्टी के चूल्हे के पर खाना पकाती थी, तो धुएं से भी बीमारी होती थी। अल्कोहल, बीड़ी और सिगरेट का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इसलिए इनका सेवन नहीं करना है। इसके अलावा आज इस कार्यक्रम में जो पोषण आहार किट दी जा रही है, इसका सेवन और 6 माह तक सही इलाज से टीवी की बीमारी को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी शिवपुरी द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की और कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा न केवल टीवी मरीज बल्कि अन्य बीमारियों के उपचार में भी योगदान दिया गया है। कई गंभीर रोगियों का ऑपरेशन और उपचार कराया गया है। रेड क्रॉस सोसाइटी इसी तरह काम करती रहे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों को भी उन्होंने सम्मानित किया। मरीज को पोषण आहार किट, कंबल आदि वितरण किए। बीमारी के उपचार के बाद ठीक हुए मरीजों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन भी मौजूद रहे।

# यूका कचरे के निष्पादन के संबंध में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में आयोजित किए जा रहे है जनसंवाद

## लोगों की भ्रांतियों को दूर कर रहे है मास्टर ट्रेनर्स



● पद्मावत मीडिया

**इंदौर।** धार जिला कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के लिए की जाने वाली कार्यवाहियों पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्सों की टीमों द्वारा पीथमपुर की विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में पहुंचकर लोगों से जनसंवाद किया जा रहा है। पीथमपुर नगर पालिका के सीएमओ श्री निशिकांत शुक्ला ने बताया कि टीमों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों में यूका कचरे के संबंध में उत्पन्न हो रही विभिन्न भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। प्रशिक्षित टीमों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों द्वारा पूछे जा रहे विभिन्न प्रश्नों का उत्तर सरलतापूर्वक देकर उन्हें समझाया भी जा रहा है।साथ ही ईकाइयों के एचआर, कर्मचारियों और मजदूरों से अपील भी की जा रही है कि वह भी अन्य लोगों को यूका कचरे के निष्पादन के बारे में सही जानकारियां उपलब्ध कराएं। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा द्वारा यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन के लिए गठित टीमों में कंपनियों के एचआर, जिला अधिकारी, प्रोफेसर और पटवारी शामिल हैं। गठित टीमों द्वारा अब तक महिंद्रा मोर्टस, आयशर मोर्टस, प्रतिभा सिन्थेटिक्स, ईप्फका, एसआरएफ औद्योगिक इकाइयां तथा बुधवार को मोयरा स्टील, एंड्राफब, शक्ति पंप, मार्यलान और फ्लेक्सिटफ औद्योगिक ईकाइयों में जनसंवाद करने पहुंची।

इसी प्रकार उक्त दलों द्वारा आज नगर पालिका परिषद् पीथमपुर के परिषद् हाल में सी.एम.ओ. श्री निशिकान्तु शुक्ला, श्री जयेश प्रतापसिंह, तहसीलदार एवं गठित दल के द्वारा नगर पालिका परिषद् के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों को यूनियन कार्बाइड कचरे को पीथमपुर में निष्पादन के संबंध में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समस्त परिषद सदस्यों की भ्रांतियों को दूर किया गया। इस संबंध में जनसंवाद से संबंधित पम्पलेट का वितरण भी कराया गया।

# आहरण संवितरण अधिकारियों एवं लेखापाल को दिया गया टी.डी.एस. एवं टी.सी.एस. का सेमिनार



● पद्मावत मीडिया

**इंदौर।** आयकर विभाग टीडीएस विंग 2 इंदौर के द्वारा गुरूवार को जिले के आहरण संवितरण अधिकारियों एवं लेखापाल के लिए प्रत्यक्ष संवाद सेमिनार का प्रथम सत्र जिला पंचायत के सभागृह में आयोजित हुआ। इसके अलावा शिक्षा विभाग के आहरण संवितरण अधिकारियों, लेखापाल के लिए द्वितीय सत्र का सेमिनार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया। इसमें टीडीएस/टीसीएस के प्रावधानों एवं बकाया लंबित मांगों के निराकरण तथा आयकर से संबंधित बारीकियां एवं कठिनाइयों की जानकारी दी गई।

सेमिनार में जिला कोषालय अधिकारी श्री आर.एस. गवली द्वारा बताया गया कि जिले के आहरण संवितरण अधिकारियों के द्वारा काटे गए टीडीएस को समय सीमा में रिटर्न फाइल करने की जानकारी दी गई। इससे आयकर विभाग द्वारा निर्धारित समय अवधि में समस्त रिटर्न फाइल की जा सके एवं किसी प्रकार की पेनल्टी निर्मित ना हो। साथ ही आयकर अधिनियम के प्रावधानों के तहत विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी गई। आहरण संवितरण अधिकारियों के आयकर कटौत्रा संबंधी कर्तव्य के बारे में भी जानकारी दी गई। इस प्रत्यक्ष संवाद में प्रतिभागियों के समस्याओं का समाधान भी किया गया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर दिए गए। सेमिनार में आयकर विभाग इंदौर के संयुक्त कमिश्नर श्री संजीव कुमार, डिप्टी कमिश्नर पी.जी. थॉमस, आयकर अधिकारी श्री सुधीर शर्मा, श्री राजेश कुमार जिला कोषालय कार्यालय के सिस्टम मैनेजर श्री प्रफुल्ल मंडलोई, सहायक कोषालय अधिकारी श्री विनीत शर्मा तथा जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारी एवं लेखापाल उपस्थित थे।

# शासकीय कन्या उ मा वि के विद्यार्थियों ने किया स्थानीय शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का भ्रमण



● पद्मावत मीडिया

**अलीराजपुर ।** शासकीय कन्या उ मा वि अलीराजपुर के 80 विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, अलीराजपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के व्याख्याता द्वारा छात्र/छात्राओं को संस्था में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए तकनीकी शिक्षा हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराते हुए छात्र/छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व , कैरियर मार्गदर्शन, प्रवेश प्रक्रिया एवं संस्था में लागू शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई । उक्त जानकारी प्राचार्य पॉलीटेक्निक श्री जमरा द्वारा दी गई ।

## नाबार्ड का फोकस माइक्रो सिंचाई

# खाद्य प्रसंस्करण एवं एफपीओ फाइनन्सिंग पर

● पद्मावत मीडिया



**बडवानी।** कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने नाबार्ड द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए तैयार की गयी पीएलपी (पोटैन्श्यल लिंक्ड क्रेडिट प्लान) का विमोचन किया। विमोचन के अवसर पर श्री विजेंद्र पाटिल डीडीएम नाबार्ड, श्री संदीप अग्रवाल एलडीएम बड़वानी एवं श्री संजु बरवरे निदेशक आरसेटी बड़वानी बैठक में उपस्थित थे। डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि ब?वानी जिले के लिए 3940.29 करोड़ की ऋण योजना बनाई गयी हैं। इसी के आधार पर जिले की वार्षिक साख योजना बनायी जाएगी। यह ऋण आंकलन भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं/नीतियों में बदलाव से उत्पन्न संभावनाएँ, आधारभूत / सहायक सुविधाओं में सुधार, स्केल ऑफ फ्राइनेंस, यूनिट कॉस्ट, सब्सिडी योजनाओं इत्यादि संभावित उपलब्धि, गत वर्षो में बैंकों की उपलब्धियों, पिछले आधार स्तरीय ऋण प्रवाह को ध्यान में रख कर किया गया हैं। कृषि क्षेत्र हेतु 2475.97 करोड़, एमएसएमई क्षेत्र हेतु 1260 करोड़ तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 204.50 करोड का आँकलन किया गया है। कृषि मियादी ऋण 973.84 करो? का आँकलन किया गया है जो कुल कृषि ऋण का लगभग 40 प्रतिशत है। वर्ष 2025-26 के लिए नाबार्ड ने एसएचजी / जेएलजी वित्तपोषन, सिंचाई सुविधाओं में विस्तार, वेयर हाउसिंग, डेयरी विकास में सुधार, कृषक उत्पादन संगठन, जलवायु कार्रवाई और वित्त, सहकारी संस्था इत्यादि जैसे क्षेत्रों पर ?ौर देने की आवश्यकता जताई हैं। उच्च मूल्य वाली कृषि के साथ-साथ संबद्ध गतिविधियों को ब?ावा देने के लिए अच्छी गुणवत्ता वाली नर्सरियों, हैचरी, मछली बीज फार्म आदि की आवश्यकता है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित क्षमता को प्राप्त करने के लिए कृषि उपज और कृषि प्रसंस्कृत उत्पादों के विपणन चैनलों को बढ़ाने की आवश्यकता है।

# महाकुंभ संगम में आज 30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किया स्नान




● पदमावत मीडिया

प्रयागराज। प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई. दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में सात करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया. माना जा रहा है कि दूसरे शाही स्नान मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे. 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर 3.5 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई थी. दस देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में स्नान करने के लिए पहुंचा. इसमें शामिल विदेशी दल ने अखाड़ों में संतो के दर्शन भी किए. महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक संस्कृति का महाकुम्भहोगा. मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम भी पहुंचेंगे।





## जिला स्तरीय जनसुनवाई का हुआ आयोजन, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# अधिकारी आमजन की शिकायतों को लेकर रहें संवेदनशीलः कलेक्टर

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में एडीएम राजलक्ष्मी गहलोत, जिला परिषद एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित डीओआईटी वीसी रूम में मौजूद रहे। ऐसे ही सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी आदि अपने अपने उपखंड क्षेत्र से वीसी के माध्यम से कनेक्ट हुए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने परिवादियों को अपने पास बैठा कर उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने की बात कही। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्राप्त हुए।समस्याओं को सुनकर कलक्टर ने संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी से हाथों-हाथ समस्या की वस्तुस्थिति पर चर्चा की और परिवादी को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलक्टर ने विभिन्न मामलों पर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का शीघ्रता से निपटारा कर परिवादियों को राहत दी जाए। उन्होंने लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक कदम उठाने की बात कही। जनसुनवाई में सड़क, अतिक्रमण, चिकित्सा विभाग,नाली निर्माण सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनके समाधान के प्रति संवेदनशील रहें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाना चाहिए, ताकि जनता को समय पर राहत मिल सके। कलक्टर ने यह भी जोर दिया कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें, जिससे प्रशासन पर जनता का विश्वास बढ़े। कलक्टर ने इस दौरान संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की भी समीक्षा की। कलक्टर ने निर्देश दिए कि संपर्क पर दर्ज शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए और शिकायतकर्ता को राहत दी जाए, जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं इस बात का सत्यापन करें कि शिकायत का समाधान हुआ है या नहीं। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, आयुक्त नगर परिषद गणपत लाल खटीक,एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, रेंजर दिलीप सिंह, पीआरओ पुष्पक मीणा,आयुर्वेद विभाग डॉ जितेन्द्र जोशी, उद्यानिकी विभाग पुरुषोत्तम भट्ट, पशुपालन विभाग डॉ हरिकेश मीणा, आईसीडीएस उप निदेशक दिपिका मीणा, टीएडी विभाग वेद प्रकाश सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में उदयपुर से नर्सेज़ यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम में उदयपुर से राजस्थान नर्सेज यूनियन जिलाध्यक्ष हितेश लबाना,सचिव गुलाम नबी एवं उपाध्यक्ष योगेश उपाध्याय,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हंसराज मीणा ने भाग लिया।

संवाद कार्यक्रम में उदयपुर संभाग में कार्यरत नर्सेज की विभिन्न मांगों पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के समक्ष नर्सेज समस्याओं को अवगत कराया। आरएनयू सचिव गुलाम नबी ने बताया कि संविदा सेवा से नियमित हुए नर्सेज को नोशनल लाभ देते हुए 9,18,27का लाभ देने,प्रोबेशन पीरियड में पूर्ण वेतन देने,नर्सिंग ऑफिसर को अतिआवश्यक दवाइयां लिखने का अधिकार देने,अलग से नर्सिंग निदेशालय खोला जाएं ,केंद्र के समान वेतन भत्ते दिए जाएं,वेतन विसंगतियां दूर की जाएं, पुरानी पेंशन योजना यथावत लागू रखते हुए असमंजस्य की स्थिति स्पष्ट की जाए ,समयबद्ध डीपीसी करने ,हार्ड ड्यूटी एलाउंस देने,प्रक्रियाधीन नर्सेज भर्ती में होल्ड रहे अभ्यर्थियों को जल्द नियुक्ति देने एवं अस्थाई नर्सेज(यूटीबी) का समय पर एक्सटेंशन करने सहित कई विभिन्न मांगों का मांगपत्र मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को सौंपा । संयोजक हंसराज मीणा ने मुख्यमंत्री के समक्ष ठेकाकर्मी नर्सेज साथियों का दर्द बता कर कहा कि मात्र आठ हजार के अल्प मानदेय पर तन मन से दिन रात मरीजों की सेवा करने वाले इन ठेकाकर्मी नर्सेज को दैनिक मजदूरी से भी कम वेतन में सालों से कार्य कर रहे है। इन्हें परमानेंट नर्सिंग ऑफिसर पद पर समायोजन किया जाएं।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे आमजन

# जनसमस्याओं का हो प्राथमिकता से निस्तारणः जिला कलक्टर



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण और उन्हें राहत दिलवाने के उद्देश्य से डीओआईटी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में गुरूवार जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त उपखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, नगर परिषद, चिकित्सा विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण आए। जिला कलक्टर ने प्रकरणों के त्वरित रूप से नियमानुसार समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को राहत मिल सके। जिला स्तरीय जनसुनवाई में पट्टा जारी करने, अतिक्रमण हटाने, छात्रवृति सत्यापन, पालनहार योजना, सामुदायिक भवन, हैण्डपम्प संबंधित प्रकरणों सहित अन्य प्रकरण आए जिनके लिए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को राहत पहुंचाने वाली केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे। जनसुनवाई में प्रतापगढ़ उपखण्ड अधिकारी मणिलाल तीरगर, नगर परिषद आयुक्त ललित सिंह राठौड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा, महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक नेहा माथुर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. टी.आर. आमेटा, जिला स्तरीय अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

## उदयपुर बर्ड फेस्टिवल के 11वें संस्करण का आगाज आज से

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आगाज शुक्रवार 17 जनवरी को उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में पिछोला झील सीसारमा रोड़ स्थित कालका माता नर्सरी में गोल्डन पार्क किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उदयपुर शहर विधायक ताराचन्द जैन करेगें। विशिष्ट अतिथि, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती सुनीता मिश्रा, व जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, होगें। उद्घाटन समारोह में देश के जाने माने पक्षी विशेषज्ञ असद रहमानी, आनन्दों बनर्जी,, सीईओ डब्लूडब्लूएफ रवि सिंह, बीएनएचएस के रजत भार्गव एवं अन्य गणमान्य पर्यावरणविद् भाग लेगें। इस मौके पर सीनियर एवं जूनियर ग्रुप के छात्रों के लिए पेन्टिग एवं क्वीज् प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमी स्वयंसेवी सस्थाओं के सदस्य, सेना के जवान, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी, मीडिया एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को पक्षी विशेषज्ञों के द्वारा पिछोला झील एवं उसके आस पास के क्षेत्र में बर्ड वाचिंग करायी जाएगी। दोपहर 2 बजे सूचना केन्द्र में पक्षियों से संबंधित फोटोग्राफी एवं स्टाम्प प्रदर्शनी का अवलोकन आमजन एवं पर्यावरण प्रेमियों द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक नेचर लिट्रेरी फेस्टिवल आयोजन ओटीएस कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। जिसमें पक्षी विशेषज्ञों एवं पर्यावरण से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा भाग लेने वाले समस्त आमजन को पक्षियों के बारे में विस्तृत जानकारी से लाभान्वित किया जाएगा।

## भूटान की महारानी पहुंची उदयपुर, सिटी पैलेस का किया भ्रमण, जगदीश मंदिर में किए दर्शन

# मेवाड़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से अभिभूत हुई भूटान की महारानी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** भूटान की महारानी (हर्मजेस्टी) आशी शेरिंग यांगदोएन वांग्चुक गुरूवार को दो दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंची। उपनिदेशक पर्यटन शिखा सक्सेना ने बताया कि उदयपुर आगमन पर भूटान की महारानी और उनके दल का मेवाड़ी परंपरा के तहत स्वागत किया गया। सिटी पैलेस में क्रिस्टल गैलेरी का अवलोकन किया। इस दौरान मेवाड़ की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से रूबरू होते हुए काफी अभिभूत नजर आई। उन्होंने जगदीश मंदिर पहुंच कर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे भजन-कीर्तन को भी काफी देर तक सुना तथा प्रसन्नता व्यक्त की। मंदिर के पुजारी ने उनका बहुमान किया। उन्होंने जगदीश चौक क्षेत्र के बाजार का अवलोकन कर हस्तशिल्प से जुड़ी सामग्री को निहारा।



## देश की आर्थिक व्यवस्था में पशुपालन का योगदान विषयक निबन्ध प्रतियोगिता

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजकीय पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे पशु कल्याण पखवाड़ा के तहत गुरूवार को द्विवर्षीय पशुपालन डिप्लोमा विद्यार्थियों की देश की आर्थिक व्यवस्था में पशुपालन के योगदान विषयक पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि 14 से 30 जनवरी तक मनाए जा रहे पशु कल्याण पखवाड़ा का उद्देश्य पशुओं के प्रति होने वाली क्ररुरता की रोकथाम कर पशुओं के प्रति प्रेम, कररुणा एवं दया जाग्रत करना हैं। राज्य के कुल जी.डी.पी ने 12 प्रतिशत से भी अधिक का योगदान पशुपालन से है। उपलब्ध पशुधन का समुचित उपयोग करने से हम इनके उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि कर सकते है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पदमा मील ने बताया कि प्रतियोगिता में 50 प्रतियोगियों ने भाग लिया। पशु कल्याण पखवाड़े पर चित्रकला, जागरूकता रैली, वाद-विवाद एवं संगोष्ठियों का आयोजन आने वाले दिनों में किया जायेगा। निबंध प्रतियोगिता में पूजा सुथार, विकास डांगी, अंजना एवं चांदवी कुमारी के निबंध सराहनीय रहे।

## वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024

# आयोग ने जारी की विभिन्न विषयों की मॉडल उत्तर कुंजी

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत जीके एंड एजुकेशन साइकोलॉजी, सोशल साइंस, हिंदी, साइंस, मैथेमेटिक्स, संस्कृत एवं इंग्लिश विषय की मॉडल उत्तर कुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 18 जनवरी से 20 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### आपत्ति दर्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है। आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक 18 से 20 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समयावधि के बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएंगी। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी पर ई-मेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

## उदयपुर बाल पुस्तक महोत्सव में बाल साहित्य और पर्यावरण पर गतिविधियां एवं पैनल चर्चा का आयोजन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** विद्या भवन में आयोजित हो रहे द्वितीय उदयपुर बुक फेस्टिवल के अंतर्गत गुरुवार को 'बाल साहित्य और पर्यावरण' पर आधारित गतिविधियाँ और पैनल चर्चा का आयोजन हुआ। विद्या भवन के मुख्य संचालक राजेंद्र भट्ट ने बताया कि फार्म एक्टिविटी एजुकेटर मैकेंज़ी ने प्रकृति पर आधारित एक गतिविधि में राउमावि बोयणा के 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया और आसपास के पर्यावरण के प्रति जागरूकता प्राप्त की। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों का प्रकृति के साथ संबंध को मजबूत करना था। क्यूरियस कोकून की सह-संस्थापक रिद्धि शाह ने बच्चों को 'विधि-दादाजी' नामक एक चित्र कहानी सुनाई और इसके बाद बच्चों के साथ संवाद किया। पैनल चर्चा का विषय ÷बाल साहित्य और पर्यावरण÷ था, जिसमें रिद्धि शाह, मैकेंज़ी, एकलव्य से फ्रीलांसर और स्टोरीटेलर कार्तिक और विद्या भवन शिक्षा संदर्भ केंद्र के प्रभारी अरुण कुमार मुख्य वक्ता रहे। पैनलिस्टों ने साहित्य और प्रकृति के बीच संबंध पर चर्चा की और यह बताया कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय चेतना विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण का मतलब केवल पेड़ लगाना या पानी देना नहीं है, बल्कि उससे जुड़े कई विचार हैं, जिन्हें बाल साहित्य के माध्यम से आगे बढ़ाया जा सकता है। अरुण कुमार ने 'दोस्तों के लिए किताबें' पहल साझा करते हुए बताया कि इस पहल के तहत बच्चे किताबें आपस में बदलकर पढ़ते हैं, जिससे उनकी पढ़ने की आदतों और गति में सुधार होता है। रिद्धि शाह ने बच्चों के लिए स्तरीय बाल साहित्य की उपलब्धता और उन पर बातचीत के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मैकेंज़ी ने बीज संरक्षण, खेती की विधियों और बच्चों को इनसे जोड़ने के महत्व पर चर्चा की। चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जैसे कि उपहारों में पर्यावरण और शिक्षा से जुड़ी सामग्री की आवश्यकता, बच्चों द्वारा मोबाइल और टीवी के बढ़ते उपयोग पर चिंता, शारीरिक गतिविधियों में बच्चों की घटती भागीदारी, और स्कूलों में शिक्षण पद्धतियों में बदलाव की आवश्यकता। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन मोहन सिंह मेहता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किया गया। अंत में अरुण कुमार ने सभी का आभार जताया।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 21 जनवरी

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 26 जनवरी, 2025 के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्टीय राज्य एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कार्मिकों/कर्मचारी को सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए आवेदन 21 जनवरी 2025 को दोपहर 3 बजे तक कार्यालय के सामान्य अनुभाग कमरा नं. 07 में भिजवाएं जाने है। आदेशानुसार विहित अवधि व समय के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## भारतीय जैन संघटना उदयपुर की प्रथम कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

# 1111 ऑर्गन डॉनेशन संकल्प पत्र भरे जाएंगेः फत्तावत

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** सामाजिक संस्था भारतीय जैन संघटना उदयपुर की नववर्ष की प्रथम बैठक गुरुवार को सकल जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत के मुख्य आतिथ्य एवं नवमनोनीत अध्यक्ष दीपक सिंघवी की अध्यक्षता में 100 फीट रोड स्थित रॉयल हिस्टोरिया इन सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर फत्तावत ने कहां कि वर्ष 2025 में बीजेएस डॉ. अंजलि जैन के नेतृत्व में ¸1111 ऑर्गन डॉनेशन संकल्प पत्र भरवाएगा। साथ ही बीजेएस प्रोफेशनल फॉरम के गठन की घोषणा करते हुए यशवंत कोठारी को प्रथम संयोजकीय दायित्व सौंपा गया। बीजेएस संस्थापक शांतिलाल मुथा के निर्देशन में पुना स्थित प्रधान कार्यालय से निर्देशित वर्ष भर के फाउण्डेशन कार्यक्रम के साथ-साथ सोशियल रिफार्म, एज्यूकेशन एवं केरियर, हेल्थ एण्ड वेलनेस, स्कील्स इन्टरप्योनियरशिप व नेटवर्किंग से सम्बन्धित सभी आयोजन किए जाएगें। नव मनोनीत अध्यक्ष दीपक सिंघवी ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए आव्हान किया कि सुचारू एवं सुव्यस्थित संगठन संचालन के लिए मेन विंग, लेडिज विंग, युथ विंग एवं गर्ल्स विंग को सक्रिय एवं सजग बनाया जाएगा। संगठन के प्राइम प्रोजेक्ट स्मार्ट गर्ल्स, हैप्पी फैमिली, मेट्रोमोनियल मिट, केरियर काउंसलिंग, बिजनेश डवल्बमेन्ट व जल संरक्षण के कार्यों को गति प्रदान दी जाएगी।

### - इन्हे किया सम्मानित

बीजेएस 2025-26 राज्य स्तरीय कार्य समिति में श्याम नागोरी, महेन्द्र तलेसरा, विरेन्द्र महात्मा, धीरेन्द्र मेहता, विकास जैन, विजय लक्ष्मी गलूंडिया, प्रवीण नवलखा को मनोनीत किए जाने पर मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### - महिला विंग ने लिया संकल्प

बीजेएस लेडिज विंग की नव मनोनीत अध्यक्षा मीना कावडिया ने बताया कि महिला सशक्तिरण के अन्तर्गत 100 महिलाओं की एक बिग्रेड बनाकर सामाजिक कुरुतियां समाप्त करने का अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत निवर्तमान अध्यक्ष यशवंत कोठारी द्वारा तथा आभार कार्यकारी अध्यक्ष भूपेन्द्र गजावत द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर समन्वयक चन्द्रप्रकाश चोरडिया, संभागीय अध्यक्ष विकास जैन, स्मार्ट गर्ल्स प्रभारी धीरेन्द्र मेहता, मयंक मेहता, नीतू गजावत, दीपक बोल्या, विजय कोठारी, सुनील सुराणा, सौरभ गोलछा, निरज सिंघवी आदि ने सम्बोधित किया।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।